# डायग्नॉस्टिक हियरिंग मूल्यांकन रेफरल

## आपके बच्चे के डायग्नॉस्टिक मूल्यांकन के लिए अपॉइंटमेंट:

**बच्चे का नाम:** ____________________

**अपॉइंटमेंट की तारीख:** ____________________ **समय:** ____________

**स्थान:** ____________________

**संपर्क नंबर:** ____________________

*अगर आपको अपनी अपॉइंटमेंट पुनः निर्धारित करने की आवश्यकता हो तो कृपया कॉल करें।*

## मेरे बच्चे को डायग्नॉस्टिक हियरिंग मूल्यांकन की आवश्यकता क्यों है?

आपका बच्चे सुनने की जांच में सफल नहीं हुआ है या आपके बच्चे के स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता ने डायग्नॉस्टिक हियरिंग मूल्यांकन का अनुरोध किया हो सकता है। ऐसी कई चीजें हैं जो सुनने की जांच में बाधा डाल सकती हैं, उदाहरण के लिए, कमरे में शोर या सक्रिय बच्चे। यह जानना महत्वपूर्ण है कि आपका बच्चे किस प्रकार सुनता है, इसके लिए जल्दी से जल्दी सुनने की पूरी तरह से जांच करवाना ज़रूरी है।

## कितने बच्चों को सुनने की क्षमता में कमी होती है?

अधिकांश बच्चे सुनने की सामान्य क्षमता के साथ पैदा होते हैं। हालाँकि, 1,000 में से 2-4 बच्चों में गंभीर सुनने की कमी पाई जाती है। सुनने की क्षमता में कमी वाले लगभग 50% बच्चों में कोई ज्ञात लक्षण या जोखिम कारक नहीं होते, जैसे गंभीर बीमारी या बहरेपन का पारिवारिक इतिहास। जन्म से पहले, बच्चे अवस्था के दौरान या बचपन में ऐसी कई स्थितियाँ हो सकती हैं जो बच्चे की सुनने की क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं। बचपन में सुनने की क्षमता की कमी बार-बार होने वाले कान के संक्रमण, मेनिन्जाइटिस, सिर में चोट या अन्य चिकित्सीय स्थितियों का परिणाम हो सकती है।

जीवनरक्षक दवाइयाँ भी सुनने की क्षमता को नुकसान पहुंचा सकती हैं। कभी-कभी बच्चे अपनी सुनने की क्षमता खो देते हैं, और इसका कारण कभी पता नहीं चल पाता। अगर आपके कोई प्रश्न या चिंताएं हों तो अपने बच्चे के डॉक्टर से बात करें।

## बच्चे का परीक्षण क्यों करना चाहिए?

सुनने की कमी का पता जीवन में जल्दी से जल्दी लग जाना चाहिए। बच्चे के जीवन के पहले कुछ महीने उसकी बोलचाल और समझने की क्षमता विकसित करने के लिए बहुत ज़रूरी होते हैं। जिस बच्चे को सुनने की क्षमता में कमी या बहरापन हो, उसे भाषा की क्षमता विकसित करने में कठिनाई हो सकती है या वह स्कूल में अच्छा

प्रदर्शन नहीं कर सकता है। जितनी जल्दी बच्चे की सुनने की क्षमता में कमी की पहचान हो पाएगी, उतनी ही जल्दी सहायता प्रदान की जा सकेगी।

## डायग्नोस्टिक हियरिंग मूल्यांकन क्या होता है?

डायग्नॉस्टिक हियरिंग मूल्यांकन आपके बच्चे की सुनने की क्षमता की जांच का एक और ज़रूरी कदम है। मूल्यांकन में आपके बच्चे की सुनने की क्षमता की पूरी जानकारी प्राप्त करने के लिए कई परीक्षण शामिल हैं। मूल्यांकन एक ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा पूरा किया जाएगा, जो एक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर है और जो सुनने में विशेषज्ञता रखता है।

## डायग्नोस्टिक हियरिंग मूल्यांकन कैसे किया जाता है?

जब आपका बच्चा आराम कर रहा होता है या सो रहा होता है, तब खास उपकरणों की मदद से उसके कानों में हल्की ध्वनियाँ चलाई जाती हैं, जो बच्चों की सुनने की क्षमता की जांच के लिए बनाए गए खास हेडफोन के जरिए पहुंचाई जाती हैं। पूरी प्रक्रिया दर्द रहित होती है। ध्वनियों के प्रति आपके बच्चे की प्रतिक्रियाओं को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या तो कान के उपकरणों के जरिए या सिर पर चिपचिपे पैड द्वारा लगाए गए छोटी तारों के जरिए रिकॉर्ड किया जाता है। क्योंकि और परीक्षण किए जाते हैं, इसलिए डायग्नॉस्टिक हियरिंग मूल्यांकन में नवजात बच्चों के सुनने की जांच की तुलना में अधिक समय लगता है। यह संभव है कि आप एक घंटे या उससे अधिक समय तक ऑफिस में रहें और आपको दूसरी बार फिर ऑफिस आना पड़े।

## डायग्नॉस्टिक हियरिंग मूल्यांकन के लिए कौन भुगतान करता है?

डायग्नॉस्टिक हियरिंग मूल्यांकन की लागत कई स्वास्थ्य बीमा प्लैनों द्वारा कवर की जाती है। Medi-Cal और कैलिफोर्निया चिल्ड्रेन्स सर्विसेज (California Children's Services, CCS) योग्य बच्चों के मूल्यांकन का भुगतान करेंगे। अगर इस मूल्यांकन के भुगतान के बारे में आपके कोई प्रश्न हों, तो अपने बच्चे के डॉक्टर या स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें या 1-877-388-5301 पर कॉल करें।

## बच्चे के डायग्नॉस्टिक हियरिंग मूल्यांकन की तैयारी के लिए आप क्या कर सकते हैं

डायग्नॉस्टिक हियरिंग मूल्यांकन के दौरान आपके बच्चे को आराम से सोने की आवश्यकता होती है। ये सुझाव आपके बच्चे को आराम से सुलाने में मदद कर सकते है:

- कोशिश करें कि अपॉइंटमेंट से पहले आपके बच्चे को नींद न आए।
- परीक्षण से ठीक पहले अपने बच्चे को दूध पिलाने से उसे सोने में मदद मिल सकती है।
- एक कम्बल, अतिरिक्त डायपर, अतिरिक्त कपड़े और अगर इस्तेमाल किया हो तो अतिरिक्त फॉर्मूला साथ लाएँ।

» आप अपने बच्चे की अपॉइंटमेंट ऐसे समय पर रखने की कोशिश कर सकते हैं, जब वह आमतौर पर सोता हो, जैसे दोपहर की नींद (नैपटाइम) के समय।

## मूल्यांकन के बाद क्या होगा?

आपको मूल्यांकन के परिणामों के बारे में बताया जाएगा तथा एक रिपोर्ट भी प्राप्त होगी। एक रिपोर्ट आपके बच्चे के स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को भी भेजी जाएगी। अगर सुनने की क्षमता में कमी पाई जाती है, तो आपको विशेष प्रोग्रामों और सामुदायिक संसाधनों के लिए रेफर किया जाएगा। कैलिफोर्निया के नवजात बच्चे के सुनने की जांच प्रोग्राम के हियरिंग समन्वय केंद्र आपको और आपके बच्चे को आवश्यक सेवाएँ प्राप्त करने में सहायता के लिए आपसे संपर्क कर सकते है।

## बच्चे के विकास पर नज़र रखना

अगर डायग्नॉस्टिक मूल्यांकन से पता चलता है कि आपके बच्चे को सुनने की क्षमता में कोई कमी नहीं है, तो भी आपको अपने बच्चे के बड़े होने पर उसकी सुनने की क्षमता की जांच दोबारा करानी ज़रूरी है। नवजात बच्चे की सुनने की क्षमता का परीक्षण आपके बच्चे की सुनने की, बोलने और भाषा की प्रगति को देखने का पहला कदम मात्र है। कुछ बच्चों में जीवन में आगे चलकर सुनने की क्षमता कम हो जाती है, इसलिए यह ध्यान रखना हमेशा महत्वपूर्ण होता है कि आपके बच्चे की भाषा और बोलने का विकास किस प्रकार होता है।

## कैलिफोर्निया का नवजात बच्चों में सुनने की क्षमता स्क्रीनिंग का प्रोग्राम

कैलिफोर्निया के नवजात बच्चों में सुनने की क्षमता की स्क्रीनिंग प्रोग्राम (NHSP) का लक्ष्य सुनने की क्षमता में कमी वाले शिशुओं की पहचान करना और उन्हें छह माह की आयु तक सेवाओं से जोड़ना है। प्रोग्राम में हियरिंग समन्वय केंद्र हैं जो परिवारों, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं और अस्पतालों के साथ मिलकर काम करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चों को आवश्यक सेवाएँ मिलें।

NHSP नवजात बच्चों में सुनने की क्षमता स्क्रीनिंग का प्रोग्राम स्वास्थ्य और सुरक्षा संहिता की धारा 124119 के अनुसार आपके शिशु की सुनने की जांचों के बारे में जानकारी एकत्र करता है। हियरिंग समन्वय केंद्र इस जानकारी का उपयोग आपको और आपके बच्चे को आवश्यक सेवाएँ प्राप्त करने में सहायता के लिए कर सकते हैं। यह संभव है कि हियरिंग समन्वय केंद्र आपसे फॉलो-अप सेवाओं के बारे में संपर्क करे। आप सहायता के लिए किसी भी समय उनसे संपर्क कर सकते हैं।

**नवजात बच्चे की सुनने की क्षमता की जांच के प्रोग्राम के बारे में अधिक जानकारी के लिए,**

» टोल फ्री नंबर 1-877-388-5301 पर कॉल करें

» या हमारी वेबसाइट www.dhcs.ca.gov/services/nhsp पर जाएँ